प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 115 / 2025)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 27-10- 2025 तत्काल प्रकाशन हेतु

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने लुधियाना शहर के आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने सितंबर 2025 के महीने के दौरान व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए पंजाब लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट को विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे।

08 सितंबर 2025 से 11 सितंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 280.8 किमी सिटी ड्राइव टेस्ट, 13 हॉटस्पॉट स्थानों, 3.4 किमी वॉक टेस्ट और 01 स्थान पर इंटर ऑपरेटर कॉलिंग में विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

### मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:

क) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


ख) डाटा सेवाएं: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले।


**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 99.70 %, 95.03 %, 99.85 % और 98.93 % है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00 %, 4.60 %, 0.30 % और 0.00 % है।

### प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन

**सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), सी.एस.टी.: कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (% में) तथा एम.ओ.एस.: मीन ओपिनियन स्कोर।**



### सारांश – वॉइस सेवाएं

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 99.70%, 95.03%, 99.85% और 98.93% % है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः1.40, 3.46, 0.69 और 2.06 सेकंड है ।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 4.60%, 0.30% और 0.00% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल रेट क्रमशः 1.67%, 0.42% और 2.89% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएम क्रमशः 3.93, 2.51, 3.91 और 3.87 हैं।

### सारांश – डाटा सेवाएं

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 268.50 Mbps, बीएसएनएल(4G/3G/2G) की 9.30 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 322.63 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 31.12 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)) :** एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 34.02 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 7.14 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 36.31 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 15.06 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र)::** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 24.70 ms, 19.45 ms, 14.40 ms और 36.35 ms है।

**डाटा निष्पादन – हॉटस्पॉट्स (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल- | 4G D/L: 37.50 | 4G U/L: 13.14 |
| | 5G D/L: 389.99 | 5G U/L: 55.37 |
| बीएसएनएल- | 4G D/L: 8.10 | 4G U/L: 9.11 |
| आरजेआईएल- | 4G D/L: 44.71 | 4G U/L: 8.77 |
| | 5G D/L: 389.91 | 5G U/L: 35.00 |
| वी.आई.एल - | 4G D/L: 26.41 | 4G U/L: 19.19 |

नोट – "D/L" का अर्थ डाउनलोड स्पीड तथा "U/L" का अपलोड स्पीड है।

लुधियाना में नैटवर्क के मूल्यांकन में सिविल लाइंस, फग्गुवाल, जैनपुर, जनपथ एस्टेट्स, हैबोवाल कलां, राख बाग, मॉडल ग्राम, मॉडल टाउन, भाई रणधीर सिंह नगर, राजगुरु नगर, अयाली कलां, शहीद भगत सिंह नगर, करोल बाग, टॉप एन्क्लेव, ठक्करवाल, दुगरी, गिल, ढंडारी कलां, साहनेवाल, कोटला, फोकल प्वाइंट, धनांशु, जमालपुर, बस्ती जोड़ेवाल, कनीजा, कसाबाद आदि जैसे उच्च घनत्व वाले पास-पड़ोस शामिल थे। भादूविप्रा ने बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा, बस स्टैंड लुधियाना, दिल्ली पब्लिक स्कूल, जिला न्यायालय लुधियाना, डीएमसी हौस्पीटल लुधियाना, फिरोज गांधी मार्केट, गुरु नानक खालसा कॉलेज फॉर वीमेन, गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज, लुधियाना रेलवे स्टेशन, नियोपोलिस मॉल, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, राख बाग और सिल्वर आर्क मॉल आदि में वास्तविक नैटवर्क स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

लुधियाना शहर में 9 सितंबर 2025 और 10 सितंबर 2025 को आयोजित वॉक टेस्ट में अकाल मार्केट और किप्स मार्केट पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भीड़ भरे पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करता है।

ये टेस्ट भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों के माध्यम से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए रीयल-टाईम परिवेश में आयोजित किए गए। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए श्री विवेक खरे, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली), भादूविप्रा से ईमेल adv.ca@trai.gov.in पर या दूरभाष संख्या +91-11-20907772 पर संपर्क किया जा सकता है।

Vivekkhare

(विवेक खरे)

सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली, भादूविप्रा